# कांग्रेस के पास क्या है, हमारे पास नरेन्द्र मोदी और देवदुर्लभ कार्यकर्ता हैं



## वरिष्ठ नेताओं ने किया मार्गदर्शन, पार्टी कार्यक्रमों व विशेष संपर्क अभियान की दी जानकारी

**भोपाल (काप्र)।**

मध्यप्रदेश का कार्यकर्ता आदर्श कार्यकर्ता है। हर कार्यकर्ता को काम और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता का सिद्धांत यहां प्रतिपादित है। हम अत्यंत भाग्यशाली है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल के अभियान को हमें अभूतपूर्व बनाना है। यह बात मुख्यमंत्री श्री चौहान, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव एवं पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम अत्यंत भाग्यशाली है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है, जिसका जन्म भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए हुआ है। 100 वर्ष पूर्व एक नरेन्द्र (विवेकानंद) ने कहा था भारत माता फिर से अंगडाई ले रही है और विश्व गुरू के पथ पर अग्रसर हो रही है और आज दूसरे नरेन्द्र इसको पूरा कर रहे है। एक संपन्न, शिक्षित, विकसित भारत बनाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हम जीत का रिकार्ड बनायेंगे। कांग्रेस के पास क्या है। हमारे पास नरेन्द्र मोदी एवं देवदुलर्भ कार्यकर्ता है। कर्नाटक में राष्ट्र विरोधी ताकतें रंग दिखाने लगी है। भाजपा की सरकार में राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ सख्ती से पेश आयेंगे।

### सरकार चलाना भाजपा को आता हैः राव

प्रदेश प्रभारी श्री राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल के अभियान को अभूतपूर्व बनाने जा रहे है। लोकसभा और विधानसभा में सम्मेलन होंगे। देश में अगर सरकार चलाना किसी को आता है तो भाजपा को आता है। उन्होंने कहा कि हम चुनाव जीत रहे है और डंके की चोट पर जीत रहे है। मध्यप्रदेश दिल्ली के लिए मजबूत खंबा है। जैसा इतिहास गुजरात में रचा, वैसा मध्यप्रदेश में दोहरायेंगे। हमारी चुनौती कांग्रेस नहीं, भाजपा की जीत का इतिहास बनाना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की पहचान है। श्री राव ने कहा कि भाजपा की छाती खोलेंगे तो अजा, अजजा ही निकलेंगे जैसे हनुमान की छाती में राम सीता निकले थे। भारत में टुकडे टुकडे गैंग के साथ कोई खडा है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस के नेता ऐसे लोगों के साथ जुडें हुए है, जिन्हें हमें सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर करना है।

### प्रदेश संगठनात्मक दृष्टि से बहुत आगेः जामवाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ता आदर्श के रूप में है। यह कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए गुजरात की जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश संगठनात्मक दृष्टि से बहुत आगे है।

# वीडियो, प्रेजेंटेशन से समझाईं जनसंपर्क अभियान की प्रमुख बातें

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के प्रथम सत्र में वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जाने वाले विशेष संपर्क अभियान की जानकारी वीडियो एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, केंद्रीय मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने संबोधित किया। इसके पूर्व पिछली कार्यसमिति की बैठक की कार्रवाई का अनुमोदन प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा द्वारा किया गया एवं दिवंगत नेताओं, पार्टीजनों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### 23 और 24 के दोनों चुनावों में जीत दिलाएगा विशेष संपर्क अभियानः चुघ

पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने 30 मई से 30 जून तक चलने वाले विशेष संपर्क अभियान की जानकारी वीडियो एवं पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बैठक में प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से आगामी चुनाव का शंखनाद होगा, जिसमें हमें मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों तथा प्रदेश सरकार के कामों को जनता तक पहुंचाना है। श्री चुघ ने कहा कि इस अभियान के लिए राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश, जिला और मंडल स्तर तक समितियों का गठन होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान 16 लाख से अधिक कार्यकर्ता करोड़ों लोगों से संपर्क करेंगे और उनसे मिस्ड कॉल कराकर मोदी सरकार के लिए समर्थन मांगेंगे। श्री चुघ ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान विशिष्ट परिवारों से संपर्क, पत्रकारवार्ता, सोशल मीडिया एन्फ्लूएंशर्स के साथ बैठक, व्यापारियों के साथ बैठक, विकास तीर्थों का भ्रमण, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन तथा लाभार्थी सम्मेलन जैसे अनेक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान देश में 51 बड़ी रैलियां होंगी और हर लोकसभा में एक सभा होगी। 30-31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सभा के माध्यम से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। श्री चुघ ने कहा कि एक महीने का यह अभियान हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह हमें 2023 तथा 2024 में होने वाले चुनावों में जीत दिलाएगा।

### मोदी का कार्यकाल इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगाः तोमर

कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने देश की स्थिति को सुधारा और आज भी उस सरकार के कार्यकाल की कोई आलोचना नहीं कर सकता। वाजपेयी जी के बाद अब देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की सरकार है जो और भी सशक्त है। प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व और कृतित्व हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायी है। मोदी सरकार ने ऐसे काम किए हैं कि देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की उपलब्धियों पर हम सभी को गर्व है और जब कार्यकर्ता गर्व तथा उत्साह से भरे होंगे तो 2023 और 2024 में हमारी जीत को कोई नहीं रोक सकता।

### मध्यप्रदेश जैसे कार्यकर्ता पूरे देश में नहींः विजयवर्गीय

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ता जैसे गंभीर, समझदार कार्यकर्ता पूरे देश में देखने को नहीं मिल सकते। उन्होंने कहा कि यह स्व. कुशाभाऊ ठाकरे द्वारा सींची गई खेती है, जिसे कोई पराजित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी जब भी किसी जिले में जाएं, तो उन बुजुर्ग कार्यकर्ताओं से अवश्यक मिलें, जिन्होंने प्रदेश में संगठन को खड़ा करने में योगदान दिया है। उन्होंने कर्नाटक चुनाव परिणाम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 37 सीटें ऐसी रही हैं, जिनमें पार्टी प्रत्याशी मात्र 500 से 9000 वोटों से पराजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास सब कुछ है।

बैठक में वृत्त प्रस्तुत करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हमने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती से बूथ सशक्तीकरण अभियान शुरू किया था। इस अभियान के अंतर्गत पूरे देश में 75 लाख एंट्री की गई हैं, जिनमें से 37 लाख से अधिक मध्यप्रदेश की हैं। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश की 100 विधानसभाओं में 90 प्रतिशत से अधिक काम किया जा चुका है। हम अब तक 80 प्रतिशत से अधिक पन्ना प्रमुखों की नियुक्तियां कर चुके हैं, लेकिन हमें 100 फीसदी काम पूरा हो जाने तक रुकना नहीं है। अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कहा कि प्रदेश में आजादी के बाद 47 सालों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन कभी किसी सरकार ने अनुसूचित जाति के भाई-बहनों का महाकुंभ आयोजित करने की बात नहीं सोची।

### कार्यकर्ता जनता को बताएं बंटाढार युग का सच और भाजपा के विकास की कहानीः शर्मा

आज जो युवा हैं, उन्हें देश और मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकारों के समय की दुरावस्था की जानकारी नहीं है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने अपने 9 सालों में सिर्फ देश और प्रदेश की तस्वीर ही नहीं बदली, बल्कि राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति की शुरुआत की है। हमें युवा पीढ़ी को इस बारे में जागरूक करना है। मोदी सरकार 30 मई को अपने 9 साल पूरे कर रही है। इस अवसर पर 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुट जाएं और घर-घर जाकर बंटाढार युग का सच और भाजपा की विकास गाथा लोगों को बताएं। यह बात प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कही। इस दौरान मंच पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, सह प्रभारी डॉ. रामशंकर कठेरिया, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ, कैलाश विजयवर्गीय, लोकसभा के मुख्य सचेतक राकेश सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक, फग्गनसिंह कुलस्ते, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, प्रदेश शासन के मंत्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक राजेन्द्र शुक्ला एवं पार्टी की प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने किया।



# 30 मई से 30 जून तक प्रदेश भर में होंगे कार्यक्रमः पाटीदार



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा लोकसभा क्षेत्रों में वृहद अभियान का चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत 30 मई से 30 जून तक प्रदेश के सभी लोकसभा केन्द्रों, जिलों, मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचायी जाएगी। अभियान में व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी संपर्क, समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क, प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जायेगा। यह बात पार्टी की प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कही।*

*सुश्री पाटीदार ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई। इसी श्रृंखला में 21 एवं 22 मई को जिला कार्यसमिति बैठक एवं 22 एवं 23 मई को मंडल कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 29 मई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एक भव्य मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सोशल मीडिया के प्रमुख इंफ्लुएंसर के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सभी लोकसभाओं में संपर्क से समर्थन वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में 250 विशिष्ट परिवारों से संपर्क किया जाएगा, जिनमें उत्कृष्ट खिलाड़ी, कलाकार और समाजसेवी जैसे विशिष्ट व्यक्तियों के परिवार सम्मिलित होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि अन्य कार्यक्रमों में प्रत्येक लोकसभा में विशाल जनसभा आयोजित की जायेगी, उक्त जनसभा को केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी संबोधित करेंगे। सभी लोकसभा क्षेत्रों में पत्रकार वार्ता को सांसद एवं विधायक संबोधित करेंगे। 25 जून को लोकसभा की मुख्य विधानसभाओं पर प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र को कैसे नष्ट किया, इस पर डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। सभी लोकसभा के व्यापारिक केंद्र पर प्रमुख व्यापारियों के साथ व्यापारी सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। सभी लोकसभाओं में स्थित विकास के प्रमुख स्थल जो विकास तीर्थ हैं, ऐसे स्थलों पर स्थानीय विकास से लाभान्वित लोगों के साथ चर्चा की जाएगी।*

# मिसरोद थाना बना पहला आईएसओ 9001:2015



**भोपाल।** पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत चलाये गये अभियान में थानों के जीर्णोद्धार के तारतम्य में जोन-2 के थाना मिसरोद एक अभियान के तौर पर लिया गया। थाने की बिल्डिंग अत्यंत जर्जर परिस्थिति में थी व थाने के स्टॉफ के बैठने की भी जगह नहीं थी तथा दयनीय स्थिति में वहां का रिकार्ड इत्यादि था।

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त अनुदान से थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा द्वारा विशेष प्रयास करते हुए थाने के जीर्णोद्धार पर कार्य किया गया। थाने मे सुधार लाने की इस प्रक्रिया में डीसीपी जोन-2, श्रीमती श्रद्धा तिवारी तथा एडिशनल डीसीपी जोन-2 राजेश भदौरिया की विशेष भूमिका रही। थाने के जीर्णोद्धार के पूर्ण होने पर तथा आईएसओ 9001: 2015 सर्टिफ़िकेट प्राप्त होने पर समारोह का आयोजन मिसरोद थाने मे किया गया, जिसमें पुलिस कमिश्नरेट के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने थाने पर लाए गये जनोन्मुखी सेवाओं की एक-एक व्यवस्था को देखा तथा इसकी सराहना की और अपेक्षा की, कि यहां पर आने वाली जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने में थाना सक्षम हो सकेगा तथा थाने की कार्यवाही में प्रभावी व्यावसायिक दक्षता आ पायेगी। इस अवसर पर एडिशनल सीपी अनुराग शर्मा तथा एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी भी उपस्थित थे, जिन्होंने थाने के कर्मचारियो को सर्टीफिकेट प्रदान कर उनको प्रोत्साहित किया। समारोह में डीसीपी हेडक्वार्टर विनीत कपूर, डीसीपी जोन 2 श्रीमती श्रद्धा तिवारी, डीसीपी जोन 1 साई कृष्णा, एडिशनल डीसीपी जोन 2 राजेश भदौरिया, एडिशनल डीसीपी जोन 4 महावीर सिंह मुजाल्दे, एसीपी अमित मिश्रा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप जयंती समारोह की व्यवस्थाओं हेतु अधिकारी तैनात

**भोपाल( काप्र )।** कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मई को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। आदेशानुसार आयुक्त नगर निगम भोपाल, संचालक संस्कृति, महाप्रबंध मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, श्रीमती माया अवस्थी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, भूपेन्द्र गोयल, पुलिस उपायुक्त जोन-1, पुलिस उपायुक्त यातायात, अधीक्षण यंत्री शहर मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र वि.वि. कंपनी लिमिटेड, मुख्य चिकित्सा एवं चिकित्सा अधिकारी /सिविल सर्जन जय प्रकाश चिकित्सालय 1250, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट शहर वृत्त जमील खान, राजेश गुप्ता सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट एमपीनगर वृत्त भोपाल एवं जिला प्रोटोकाल अधिकारी, राहुल रस्तोगी निदेशक भोजपुरी साहित्य अकादमी, उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, संजय तिवारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, महाप्रबंधक भारतीय दूर संचार विभाग को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करें।

**ऐच्छिक अवकाश घोषित :** राज्य शासन ने महाराजा खेतसिंह खंगार जयंती पर 27 दिसम्बर 2023 को राज्य के सभी कार्यालय और संस्थाओं के लिये ऐच्छिक अवकाश घोषित किया है। इस ऐच्छिक अवकाश को शासन की ऐच्छिक अवकाश की सूची में सम्मिलित किया गया है।

## 1575 बिजलीकर्मियों को मिलेगा एक हजार रूपए जोखिम भत्ता

**भोपाल( काप्र )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चेयरमैन एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव रघुराज एमआर की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग शुक्रवार को हुई। इसमें कंपनी क्षेत्र के आउट सोर्स पर कार्यरत होकर पोल पर चढ़कर कार्य करने वाले 1575 कार्मिकों को एक हजार रूपए जोखिम भत्ता मंजूर किया गया। श्री रघुराज ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को ऑन लाइन सेवाएँ ज्यादा से ज्यादा दी जाएँ। नए कनेक्शन के इच्छुक लोगों को कनेक्शन भी ऑन लाइन दिए जाए, उनके आधार बेस्ट डिजिटल सिग्नेचर लेकर भी नियमानुसार कनेक्शन दिया जा सकता है।

## किसान भाई मूंग खरीदी के लिए 31 मई तक करा सकेंगे पंजीयनः शिवराज

**भोपाल( काप्र )।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हि?त में ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख 31 मई तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पहले यह तारीख 19 मई तक थी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मूंग उत्पादक वाले जिलों के किसानों के अनुरोध पर पंजीयन तिथि 31 मई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में मूंग के अधिक उत्पादन वाले 32 जिलों में नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुरकलां, भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी, अशोकनगर, बालाघाट और इंदौर में पंजीयन केन्द्र खोले गए हैं।

# एस-व्यासा और एम्स के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**भोपाल (काप्र)।**



**एम्स ने स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान बंगलौर, जिसे लोकप्रिय रूप से एस-व्यासा के नाम से जाना जाता है, के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके एक और मील का पत्थर हासिल किया ।**

एमओयू पर एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह और एस-व्यासा के चांसलर, पद्मश्री डॉ एचआर नागेंद्र ने हस्ताक्षर किए । समारोह के दौरान डॉ. राजेश मलिक, डीन (अकादमिक), डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. बालकृष्णन एस, डॉ. विजेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष, मनोचिकित्सा, और अन्य प्रोफेसर और विभागों के प्रमुख भी उपस्थित थे । एमओयू हस्ताक्षर समारोह का समन्वय डॉ. रचना पाराशर ने किया, जो इस एमओयू के निष्पादन के लिए नोडल अधिकारी भी हैं। अपने परिचय और समन्वय संबोधन के दौरान, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल केवल चिकित्सकों के बीच एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण की स्वीकृति और जागरूकता के साथ ही विकसित और वितरित की जा सकती है।कार्यपालक निदेशक, एम्स ने एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक सुदृढ़ करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीर्ण ऑस्टियोआर्थराइटिस नामक जोड़ों के रोग की स्थिति में एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल दृष्टिकोण की भूमिका के बारे में बताया । चांसलर, एस-व्यासा बंगलौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि गैर-संचारी विकारों (एनसीडी) का मिलना और व्यापकता का होना एक वैश्विक चिंता है। यहां तक कि भारत के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार के बावजूद मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापा जैसे गैर-संचारी रोग बढ़ रहे हैं । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पारंपरिक चिकित्सा के साथ-साथ सरल प्रोटोकॉलयुक्त योग पद्धतियों को लागू करके निवारक कदम उठाकर गैर-संचारी रोगों की रोकथाम का समय आ गया है। एम्स कार्यपालक निदेशक, डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन और विजन के तहत एकीकृत चिकित्सा केंद्र विकास की ओर अग्रसर है, जहां एस-व्यासा के सहयोग से एनसीडी के लिए उचित व्यवस्था विकसित की जाएगी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक पटेल आत्मज श्री छत्रपाल सिंह, वयस्क, निवासी 17, फेस-3, श्रीकृष्णपुरम, होशंगाबाद रोड, भोपाल द्वारा श्रीमती सुशीला बाई पत्नी स्व. श्री गोपीकिशन मंडलोई, वयस्क, निवासी ए-10, रजत विहार, होशंगाबाद रोड, भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति एक प्लाट नंबर 312 एवं उस पर निर्मित डूप्लेक्स मकान, जिसके प्लाट का कुल क्षेत्रफल 126.00 वर्गमीटर है तथा जो भूमि खसरा नंबर 259, 261, 263, 264, 265/1, 288/1, 257/2, 266/2/1 एवं खसरा नंबर 266/2/2, 288/2, 298/288 एवं खसरा नंबर 99 का भाग है तथा जो भेल संगम कॉलोनी, ग्राम बाग सेवनियां एवं अहमदपुरकलां, भोपाल में स्थित है, को क्रय करने हेतु मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक, लिमिटेड, भोपाल के समक्ष ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय-पत्र दिनांक 26.03.2006 जो कि भेल संगम गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल द्वारा श्री उत्कर्ष एस. दिघे आत्मज श्री शशिकांत व्ही. दिघे के पक्ष में निष्पादित किया है तथा जो उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पु.क्र. अ-1, ग्रन्थ 23837 में 06 पृष्ठ 7 से 12 पर दस्तावेज क्रमांक 5333 (ग) देकर पंजीकृत है, कहीं गुम हो गया है तथा बहुत ढुंढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग, नजूल भोपाल आदि का कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से पांच दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपर वर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक, लिमिटेड, भोपाल यह मानते हुए कि उक्त दस्तावेज के गुम होने पर किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु श्री दीपक पटेल आत्मज श्री छत्रपाल सिंह को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था आईसीआईसीआई बैंक, लिमिटेड, भोपाल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजीव चिमोटे, अधिवक्ता**
**कार्या :फ्लैट नंबर टी-7, प्लाट नंबर 29-ए, तृतीय तल, राजा परिसर, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, फोन. 0755-4078500,मो. 9827232096**

1480

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार द्वारा M/S GOLDEN GLOBE INDUSTRIES फर्म के साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म का पंजीयन रजिस्ट्रार फर्म एवं 01/01 /01/0072/19 दिनांक-21/05/2019 हैं फर्म में 3 (तीन) नये भागीदारों को सम्मलित/शामिल किया गया जिसमें भागीदार क्र. 5. Mr. Ankita Agrawal 6. Mr. Awdhesh Shah 7. Mr. Nipendra Morchhale दिनांक 03/05/2023 को भागीदारगण के रुप में सम्मलित/ शामिल हुये उक्त साझेदार भागीदार क्र 05, 06 एवं 07, कहलायेगें भागीदारी संशोधन विलेखानुसार नये साझेदारों को संलेख में भागीदार के अधिकार प्राप्त होगें । साथ ही भागीदार क. 1. Mrs. Sonika Gupta 2. Mr. Vikas Seth. 3. Mr. Vaibhav Seth Gupta 4 Mr. Vipul Seth स्वेच्छा से फर्म से निवृत्तमान हों गये हैं उक्त निवृत्तमान भागीदारों का फर्म से किसी प्रकार का संबध नही हैं। फर्म के पंजीकृत पते मे परिवर्तन किया गया, पूर्व पता 303, Phase – 2, Garden Residency, Chuna Bhatti, Opp Suyash Hospital Bhopal वर्तमान पता- S-5/A, 162 Ashirwad Complex Zone-1, M.P. Nagar, Bhopal हैं, साझेदारी संशोधन विलेख निष्पादित किया गया हैं। अत: सर्वसाधारण को सूचित हों ।

**एन.के. साहू, अधिवक्ता**
**एफ-9, एलाईड काम्पलेक्स मोती मस्जिद के सामने, भोपाल**
**मो. 9826450122**

1481

## In The Court Of X Civil Judge Class-II, District Court, Bhopal

Presiding Officer :राजकुमार टोरनिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
**(RCSA/0000397/2023)**
विवेक कोहली..**वादी** VS सर्वसाधारण.. **प्रतिवादी**
**Process ID/2023**
पेशी दिनांक - 20/06/2023

**प्रेषिती**-(1) सर्वसाधारण पता- भोपाल म.प्र.।
यह कि प्रार्थी विवेक कोहली ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते घोषण एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 May 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सील
**न्यायाधीश, राजकुमार तोरनिया**
**दशम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

1482